>

Title: Need to construct a railway line on Ujjain-Agar-Malwa-Jhalawar sections in Ratlam division of Western Railways.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर): महोदय, पश्चिम रेलवे मण्डल रतलाम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में सन 1976 तक उज्जैन से आगर-मालवा तक मीटर गेज रेल लाईन थी, जिस पर सन 1976 तक यात्री गाड़ियां और माल गाड़ियां चलती थीं। इस रेल लाईन को सन 1976 में बिना किसी कारण के उखाड़ दिया गया। क्षेत्र की जनता इसको नहीं उखाड़ने की मांग करती रही किंतु नहीं सुना गया। रेल लाईन उखाड़ने के बाद से अभी तक जनता, जनप्रतिनिधिगण उज्जैन से आगर-मालवा-झालावाड़ रेल लाइन डालने की मांग करते आ रहे हैं। रेल मंत्रालय ने इसके लिए सर्वे भी कराया है और फिर इसके अद्यतन सर्वे कराने की घोषणा भी पिछले रेल बजट के भाषण में रेल मंत्री जी द्वारा की गई, किंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। कारणवश क्षेत्र की जनता में भारी असंतोष और आक्रोश व्याप्त है। मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि उज्जैन-आगर-मालवा-झालावाड़ रोड़ के बीच में रेल लाइन डालने हेतु स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।